## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: एक साधारण रूप से असममितीय श्रेणी में माध्य का मूल्य 150 तथा बहुलक का मूल्य 120 है तो मध्यका का मान होगा :

**Options:**

A. 140

B. 15

C. 135

D. 30

Answer: 140

**2.**

Question: प्रथम n प्राकृतिक संख्याओं का भारित माध्य जबकि उनका भार संगत संख्याएँ हैं, होगा

**Options:**

A. (n) (n + 1)

B. (2n + 1)

C. (n+1)

D. (n)(n + 1) (2n + 1)

Answer: (2n + 1)

**3.**

Question: बहुलक का सही माप है

**Options:**

A. बहुलक = 3 मध्यका – 2 माध्य

B. बहुलक = मध्यका – माध्य

C. बहुलक = 2 मध्यका – 3 माध्य

D. बहुलक = 3 मध्यका - 2 माध्य / 2

Answer: बहुलक = 3 मध्यका – 2 माध्य

**4.**

Question: प्रतिदर्श के आकार के बढ़ने पर प्रतिचयन त्रुटि सामान्यतया

**Options:**

A. बढ़ती है।

B. घटती है।

C. दोगुनी हो जाती है ।

D. कोई प्रभाव नहीं ।

Answer: घटती है।

**5.**

Question: प्रथम 10 प्राकृतिक संख्याओं का प्रमाप विचलन है

**Options:**

A. 2.87

B. 8.25

C. 100

D. 10

Answer: 2.87

**6.**

Question: सूचकांक निर्माण का फिशर की विधि में है

**Options:**

A. ऊपरी अभिनति

B. निम्न अभिनति

C. अभिनति से स्वतंत्र

D. ऊपरी व निम्न दोनों अभिनति

Answer: अभिनति से स्वतंत्र

**7.**

Question: 'पूर्व सोवियत यूनियन' की अर्थव्यवस्था को हम सर्वोत्तम रूप से कह सकते हैं

**Options:**

A. आदिम अर्थव्यवस्था

B. बाजार अर्थव्यवस्था

C. मिश्रित अर्थव्यवस्था

D. केन्द्रीयकृत नियोजित अर्थव्यवस्था

Answer: केन्द्रीयकृत नियोजित अर्थव्यवस्था

**8.**

Question: सार्वजनिक व्यय में वृद्धि होने के कारण

**Options:**

A. LM वक्र दाहिनी ओर विवर्त होगा ।

B. IS वक्र दाहिनी ओर विवर्त होगा ।

C. LM वक्र बाईं ओर विवर्त होगा ।

D. IS वक्र बाईं ओर विवर्त होगा ।

Answer: IS वक्र दाहिनी ओर विवर्त होगा ।

**9.**

RajTest

Question: निम्न में से कौन सा वाणिज्यिक बैंकों का कार्य नहीं है ?

**Options:**

A. जमा प्राप्त करना

B. उधार देना

C. साख निर्माण

D. रेपो रेट का निर्धारण करना

Answer: रेपो रेट का निर्धारण करना

**10.**

Question: "मुद्रा वह चीज़ है जो विनिमय के माध्यम के रूप में सामान्यतया स्वीकार की जाती है और जो साथ में मूल्य के मापक तथा मूल्य के संग्रह का कार्य भी करती है ।" मुद्रा की यह परिभाषा किसने दी है ?

**Options:**

A. क्राउथर

B. रॉबर्टसन

C. मार्शल

D. कीन्स

Answer: क्राउथर

**11.**

Question: यदि उच्च शक्ति मुद्रा की मात्रा में वृद्धि होती है, तो मुद्रा की पूर्ति

**Options:**

A. बढ़ेगी ।

B. घटेगी ।

C. अपरिवर्तित रहेगी ।

D. शून्य हो जायेगी ।

Answer: बढ़ेगी ।

**12.**

Question: डाकघर बचत संगठन की समस्त जमाएँ शामिल की जाती हैं

**Options:**

A. M1

B. M3

C. M1 व M3 दोनों में

D. M4

Answer: M4

**13.**

Question: निम्न में से किसे 'समग्र मुद्रा साधन' कहा जाता है ?

**Options:**

A. M1

B. M2

C. M3

D. M4

Answer: M3

**14.**

Question: सामाजिक सुरक्षा अंशदान निम्न का अंग है :

**Options:**

A. प्रचालन अधिशेष

B. स्व-नियुक्तों की मिश्रित आय

C. कर्मचारियों की क्षतिपूर्ति

D. निगमित उद्यमों के लाभ

Answer: कर्मचारियों की क्षतिपूर्ति

**15.**

Question: भारत में कार्यरत विदेशी निवासियों की आय निम्नलिखित का अंश है :

**Options:**

A. भारत में घरेलू साधन आय

B. भारत द्वारा विदेशों से उपार्जित साधन आय

C. शेष-विश्व से चालू हस्तांतरण

D. भारत के सामान्य निवासी कर्मचारियों का पारिश्रमिक

Answer: भारत में घरेलू साधन आय

**16.**

Question: बाजार मूल्यों के अनुसार शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद और साधन लागत के अनुसार शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का अंतर है

**Options:**

A. विदेशों से शुद्ध साधन आय

B. स्थिर पूँजी का उपभोग

C. शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

D. वैयक्तिक प्रत्यक्ष कर

Answer: शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

**17.**

Question: व्यक्तिगत आय की गणना में, सरकार के द्वारा घरेलू क्षेत्र को हस्तान्तरण भुगतान में शामिल होगा

**Options:**

A. साधन भुगतान

B. कर्मचारियों को पारिश्रमिक

RajTest

C. पेंशन तथा बेरोजगारी भत्ता

D. वेतन तथा मजदूरी

Answer: पेंशन तथा बेरोजगारी भत्ता

**18.**

Question: निम्न में से कौन सा राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होगा ?

**Options:**

A. स्वयं रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की मिश्रित आय

B. मजदूरी और वेतन

C. लाभांश

D. A के द्वारा B को शेयर का विक्रय

Answer: A के द्वारा B को शेयर का विक्रय

**19.**

Question: निम्न में से कौन सा व्यापार प्रतिबन्ध का उदाहरण है ?

**Options:**

A. अंश (कोटा)

B. प्रशुल्क

C. राशिपातन

D. अंश (कोटा) तथा प्रशुल्क

Answer: अंश (कोटा) तथा प्रशुल्क

**20.**

Question: अर्द्ध-विकसित देशों की विशेषता है

**Options:**

A. भुगतान शेष में अधिशेष तथा उच्च तकनीकी स्तर

B. निरपेक्ष गरीबी शून्य स्तर पर

C. उच्च तकनीक का निर्यात तथा प्राथमिक क्षेत्र पर निम्न निर्भरता

D. निम्न प्रति व्यक्ति आय तथा पिछड़ी तकनीक

Answer: निम्न प्रति व्यक्ति आय तथा पिछड़ी तकनीक

**21.**

Question: जब कीमतों में वृद्धि की गति बहुत धीमी होती है जैसे कि घोंघे की चाल होती है, उसे कहते हैं

**Options:**

A. बेलगाम मुद्रास्फीति

B. दौड़ती हुई मुद्रास्फीति

C. रेंगती हुई मुद्रास्फीति

D. चलती हुई मुद्रास्फीति

Answer: रेंगती हुई मुद्रास्फीति

**22.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. यदि वस्तुओं का निर्यात, वस्तुओं के आयात से अधिक है, तो चालू खाते आवश्यक रूप से आधिक्य में होगा ।

B. व्यापार शेष वस्तुओं के निर्यात और आयात को दर्शाता है।

C. व्यापार शेष, चालू खाते का भाग है ।

D. चालू खाता, भुगतान सन्तुलन का भाग है।

Answer: यदि वस्तुओं का निर्यात, वस्तुओं के आयात से अधिक है, तो चालू खाते आवश्यक रूप से आधिक्य में होगा ।

**23.**

Question: भुगतान सन्तुलन के पूँजी खाते का निम्न से कौन सा हिस्सा नहीं है ?

**Options:**

A. अल्पकालीन पूँजी विनियोग

B. दीर्घकालीन पूँजी विनियोग

C. SDR (विशेष आहरण अधिकार)

D. विदेशी विनियोग से आय

Answer: विदेशी विनियोग से आय

**24.**

Question: वस्तुओं का आयात मूल्य, वस्तुओं के निर्यात मूल्यों से अधिक है, तो यह दर्शाता है

**Options:**

A. व्यापार अधिशेष

B. व्यापार घाटा

C. चालू खाता अधिशेष

D. चालू खाता घाटा

Answer: व्यापार घाटा

**25.**

Question: यदि तटस्थता वक्र सीधी रेखा के रूप में नीचे की ओर गिरता हुआ है तो

**Options:**

A. प्रतिस्थापन की सीमान्त दर घटती हुई होती है।

B. सीमान्त प्रतिस्थापन की दर बढ़ती हुई होती है।

C. सीमान्त प्रतिस्थापन की दर स्थिर होती है ।

D. सीमान्त प्रतिस्थापन की दर शून्य होती है ।

Answer: सीमान्त प्रतिस्थापन की दर स्थिर होती है ।

RajTest

**26.**

Question: मार्शल ने मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता को माना है

**Options:**

A. बढ़ती हुई ।

B. घटती हुई ।

C. स्थिर

D. अनन्त

Answer: स्थिर

**27.**

Question: कीमत परिवर्तन का प्रतिस्थापन प्रभाव होता है

**Options:**

A. धनात्मक

B. ऋणात्मक

C. शून्य

D. धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है ।

Answer: ऋणात्मक

**28.**

Question: भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्न पर विचार कीजिए :
A. बैंक दर
B. खुले बाज़ार की क्रियाएँ
C. सार्वजनिक ऋण
D. सार्वजनिक आगम
उपर्युक्त में से कौन सा मौद्रिक नीति का भाग है ?

**Options:**

A. केवल A

B. B, C तथा D

C. A तथा B

D. A, C तथा D

Answer: A तथा B

**29.**

Question: निम्न में से कौन सा कार्य भारतीय रिज़र्व बैंक का नहीं है ?

**Options:**

A. जनता को ऋण देना ।

B. बैंक के चेक को क्लियर करना ।

C. केन्द्रीय सरकार को फण्ड उधार देना ।

D. सरकारी प्रतिभूति की खरीद ।

Answer: जनता को ऋण देना ।

**30.**

Question: कूर्नो के द्वि-अधिकारी समाधान में, प्रत्येक फर्म का उत्पादन में हिस्सा होता है

**Options:**

A. 1/2

B. 2/3

C. 1/2

D. 1/4

Answer: 1/2

**31.**

Question: अल्पाधिकार की विशेषता नहीं है

**Options:**

A. फर्मों की परस्पर निर्भरता

B. विक्रय लागतों का महत्त्व

C. क्रेता तथा विक्रेताओं की बड़ी संख्या

D. अल्पाधिकारी के माँग वक्र की अनिश्चितता

Answer: क्रेता तथा विक्रेताओं की बड़ी संख्या

**32.**

Question: मानव विकास प्रतिवेदन (HDR) का प्रकाशन किया जाता है

**Options:**

A. UNDP

B. WTO

C. World Bank

D. IMF

Answer: UNDP

**33.**

Question: HDI का कौन सा घटक (भाग) नहीं है ?

**Options:**

A. जीवन प्रत्याशा

B. साक्षरता

C. शिशु मृत्यु दर

D. प्रति व्यक्ति आय

Answer: शिशु मृत्यु दर

**34.**

Question: जीवन का भौतिक गुणवत्ता सूचकांक (PQLI) का प्रतिपादन किया गया

**Options:**

RajTest

A. ए.के. सेन द्वारा
B. महबूब-उल-हक द्वारा
C. एम.डी. मॉरेस द्वारा
D. जी.एम. मायर द्वारा
Answer: एम.डी. मॉरेस द्वारा

**35.**

Question: आई.एम.एफ. (IMF) के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' में भारत की तरफ से कौन पदेन गवर्नर होता है ?

**Options:**

A. RBI गवर्नर
B. वित्त मंत्री, भारत सरकार
C. चैयरमेन, नीति आयोग
D. वित्त सचिव, भारत सरकार
Answer: वित्त मंत्री, भारत सरकार

**36.**

Question: विश्व बैंक समूह का भाग नहीं है

**Options:**

A. IBRD
B. IFC
C. IDA
D. RBI
Answer: RBI

**37.**

Question: WTO अस्तित्व में आया

**Options:**

A. 1990
B. 1948
C. 1995
D. 1991
Answer: 1995

**38.**

Question: 'जनसांख्यिकीय लाभांश' शब्द का प्रतिपादन किसने किया ?

**Options:**

A. चार्ल्स कोलस्टेड
B. डेविड ब्लूम
C. रॉबर्टसन
D. जैकब वाइनर
Answer: डेविड ब्लूम

**39.**

Question: एक शिक्षण अधिगम व्यूहरचना, जिसमें विद्यार्थियों को एक छोटे मिश्रित योग्यता समूह में आपस में सूचनाओं के आदान-प्रदान द्वारा सीखने का अवसर प्राप्त होता है, वह कहलाती है

**Options:**

A. दल शिक्षण
B. सहकारी अधिगम
C. बहु-संवेदी अधिगम
D. अभिक्रमित अधिगम
Answer: सहकारी अधिगम

**40.**

Question: अग्रिम संगठक प्रतिमान के प्रवर्तक कौन थे ?

**Options:**

A. रिचर्ड सचमैन
B. डब्ल्यू.जे.जे. गोर्डन
C. डेविड आसुबेल
D. जे.एस. ब्रूनर
Answer: डेविड आसुबेल

**41.**

Question: निम्नलिखित में से कौन कक्षा संप्रेषण के लिए बाधा नहीं है ?

**Options:**

A. शोर
B. अस्पष्टता
C. पूर्वाग्रह
D. प्रतिपुष्टि
Answer: प्रतिपुष्टि

**42.**

Question: विज्ञान पृच्छा प्रतिमान रूपांकित किया जाता है

**Options:**

A. सामान्य बौद्धिक क्षमताओं में वृद्धि हेतु
B. किसी विषय की शोध प्रणाली के शिक्षण हेतु
C. सूचना प्रक्रिया में कुशलता बढ़ाने हेतु
D. आगमनात्मक तर्क के विकास हेतु
Answer: किसी विषय की शोध प्रणाली के शिक्षण हेतु

**43.**

RajTest

Question: प्रणाली उपागम में, अनुदेशन विधियाँ एवं व्यूहरचनाएँ संदर्भित हैं -

**Options:**

A. इनपुट (अदा) से

B. प्रक्रिया से

C. आउटपुट (प्रदा) से

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: प्रक्रिया से

**44.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के पोषण हेतु उचित तरीका नहीं है ?

**Options:**

A. उचित वृद्धि एवं विकास के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना ।

B. संवेगों के दमन हेतु प्रशिक्षण देना ।

C. निर्देशन सेवाओं की व्यवस्था करना ।

D. मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन करना ।

Answer: संवेगों के दमन हेतु प्रशिक्षण देना ।

**45.**

Question: किसी देश के आर्थिक विकास को प्रदर्शित करने हेतु किस प्रकार की शिक्षण सहायक सामग्री अधिक उपयुक्त होगी ?

**Options:**

A. प्रवाह चार्ट

B. लाइन ग्राफ

C. मानचित्र

D. चित्र

Answer: लाइन ग्राफ

**46.**

Question: "संप्रेषण विचार-विनिमय की मनोदशा में विचारों तथा भावनाओं को परस्पर जानने तथा समझने की प्रक्रिया है।" संप्रेषण की यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई ?

**Options:**

A. एडगर डेल

B. एन्डरसन

C. हर्बर्ट

D. लेविस

Answer: एडगर डेल

**47.**

Question: सहकारी अधिगम व्यूहरचना है

**Options:**

A. अधिगमकर्त्ता केन्द्रित

B. शिक्षक केन्द्रित

C. विषयवस्तु केन्द्रित

D. वातावरण केन्द्रित

Answer: अधिगमकर्त्ता केन्द्रित

**48.**

Question: उपभोक्ता चुनाव सम्बन्धित सिद्धान्त में यह मानता है कि उपभोक्ता अधिकतम करना चाहता है

**Options:**

A. कुल उपयोगिता तथा सीमान्त उपयोगिता के बीच के अन्तर को

B. औसत उपयोगिता को

C. कुल उपयोगिता को

D. सीमान्त उपयोगिता को

Answer: कुल उपयोगिता को

**49.**

Question: निम्न में से कौन सी विशेषता पूर्ण प्रतियोगिता की नहीं है ?

**Options:**

A. क्रेताओं एवं विक्रेताओं की संख्या बहुत अधिक

B. विज्ञापन

C. फर्मों का प्रवेश एवं निर्गमन स्वतंत्र

D. समरूप उत्पाद

Answer: विज्ञापन

**50.**

Question: किस अर्थशास्त्री के अनुसार "अर्थशास्त्र एक ओर धन का अध्ययन है दूसरी ओर जो कि अधिक महत्त्वपूर्ण है, यह मनुष्य के अध्ययन का एक भाग है ?"

**Options:**

A. एडम स्मिथ

B. कीन्स

C. मार्शल

D. रॉबिन्स

Answer: मार्शल

**51.**

Question: एक अर्थव्यवस्था की कौन सी केन्द्रीय समस्या, समाज में आय के समान वितरण से सम्बन्धित है ?

RajTest

**Options:**

A. किसका उत्पादन किया जाए।

B. कैसे उत्पादित किया जाए।

C. किसके लिए उत्पादन किया जाए।

D. संसाधनों के प्रयोग में कुशलता।

Answer: किसके लिए उत्पादन किया जाए।

**52.**

Question: माँग की कीमत लोच प्रतिशत परिवर्तन को बताती है

**Options:**

A. कीमत में प्रतिशत परिवर्तन ÷ माँगी गयी माँग में प्रतिशत परिवर्तन

B. कीमत में प्रतिशत परिवर्तन ÷ माँग में प्रतिशत परिवर्तन

C. माँगी गयी मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन ÷ कीमत में प्रतिशत परिवर्तन

D. माँग में प्रतिशत परिवर्तन ÷ कीमत में प्रतिशत परिवर्तन

Answer: माँगी गयी मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन ÷ कीमत में प्रतिशत परिवर्तन

**53.**

Question: गणना वाचक विश्लेषण के बारे में क्या सही नहीं है ?

**Options:**

A. मुद्रा की स्थिर सीमान्त उपयोगिता

B. उपयोगिता फलन योगात्मक है।

C. मुद्रा की घटती सीमान्त उपयोगिता

D. उपयोगिता को संख्यात्मक रूप में मापा जा सकता है।

Answer: मुद्रा की घटती सीमान्त उपयोगिता

**54.**

Question: Px, x वस्तु की तथा Py, y वस्तु की कीमत है तथा M आय की राशि है, तो रेखाचित्र में बिन्दु K दर्शाया गया है

**Options:**

A. $Px \cdot x + Py \cdot y = M$

B. $Px \cdot x + Py \cdot y > M$

C. $Px \cdot x + Py \cdot y < M$

D. $Px \cdot x + Py \cdot y \geq M$

Answer: $Px \cdot x + Py \cdot y < M$

**55.**

Question: शून्य सीमान्त प्रतिस्थापन की दर की स्थिति में तटस्थता वक्र की आकृति होगी

**Options:**

A. बाईं ओर से दाईं ओर नीचे गिरता हुआ

B. L-आकृति

C. x-अक्ष के समान्तर क्षैतिज रेखा

D. मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर

Answer: L-आकृति

**56.**

Question: यदि आय लोच एक है तथा प्रतिस्थापन लोच भी एक है तो एक वस्तु की माँग की कीमत लोच होगी

**Options:**

A. 1

B. 0

C. 2

D. 1/2

Answer: 1

**57.**

Question: दिए गए रेखाचित्र में R बिन्दु पर आय लोच है

**Options:**

A. इकाई के बराबर

B. इकाई से अधिक

C. इकाई से कम

D. शून्य के बराबर

Answer: इकाई से कम

**58.**

Question: जब एक वस्तु के लिए कीमत उपभोग वक्र नीचे की ओर गिरता हुआ है तो माँग की कीमत लोच

**Options:**

A. शून्य

B. इकाई के बराबर

C. इकाई से अधिक

D. इकाई से कम

Answer: इकाई से अधिक

**59.**

Question: ऋणात्मक ढाल वाले सीधी रेखा की आकृति वाले माँग वक्र के y-अक्ष पर कीमत लोच (ep) होगी

**Options:**

A. $ep = \infty$

B. ep = शून्य

C. ep = 1

D. ep > 1

Answer: ep = ∞

**60.**

Question: साधन के ह्रासमान प्रतिफल का नियम किस परिस्थिति में लागू होता है ?

**Options:**

A. सभी आदा (inputs) परिवर्तनशील हो ।

B. सभी आदा स्थिर हो ।

C. कुछ आदा परिवर्तनशील हो तथा कुछ आदा स्थिर हो ।

D. सभी आदा को समान अनुपात में बढ़ा दिया गया है।

Answer: कुछ आदा परिवर्तनशील हो तथा कुछ आदा स्थिर हो ।

**61.**

Question: जब LAC वक्र गिरता हुआ है तो SAC वक्र LAC वक्र स्पर्श करेगा

**Options:**

A. गिरते हुए भाग पर

B. चढ़ते हुए भाग पर

C. न्यूनतम बिन्दु पर

D. मूल बिन्दु पर

Answer: गिरते हुए भाग पर

**62.**

Question: यदि उत्पादन के सभी साधनों को दुगुना करने पर, उत्पादन की मात्रा 100 इकाई से बढ़कर 180 इकाई हो जाती है, तो

**Options:**

A. पैमाने के वर्धमान प्रतिफल होंगे ।

B. पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल होंगे ।

C. पैमाने के स्थिर प्रतिफल होंगे ।

D. पैमाने के प्रतिफल के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता ।

Answer: पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल होंगे ।

**63.**

Question: निम्न में से कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. परिवर्तनशील अनुपात के नियम की प्रथम अवस्था में श्रम का सीमान्त उत्पाद धनात्मक होता है ।

B. परिवर्तनशील अनुपात के नियम की प्रथम अवस्था में श्रम का सीमान्त उत्पादन, औसत उत्पादन से अधिक होता है ।

C. परिवर्तनशील अनुपात के नियम की द्वितीय अवस्था में श्रम का सीमान्त उत्पाद, औसत उत्पाद से कम होता है ।

D. परिवर्तनशील अनुपात के नियम की प्रथम अवस्था में मोड़ बिन्दु श्रम के अधिकतम औसत उत्पाद को दर्शाता है ।

Answer: परिवर्तनशील अनुपात के नियम की प्रथम अवस्था में मोड़ बिन्दु श्रम के अधिकतम औसत उत्पाद को दर्शाता है ।

**64.**

Question: निम्न में से किसके कारण माँग की कीमत लोच, अधिक लोचदार होगी ?

**Options:**

A. एक वस्तु के अधिक प्रतिस्थापन होने पर

B. विचारणीय समय अल्पकाल होने पर

C. श्रम की लागत कम होने पर

D. यदि वस्तु आवश्यकता की वस्तु हो

Answer: एक वस्तु के अधिक प्रतिस्थापन होने पर

**65.**

Question: लागत के आधुनिक सिद्धान्त के अनुसार, LAC वक्र की आकृति है

**Options:**

A. तश्तरी के आकार

B. U-आकार

C. L-आकार

D. उलटा U-आकार

Answer: L-आकार

**66.**

Question: यदि वस्तु की कीमत लोच इकाई से कम है तथा वस्तु की कीमत गिरने पर, उस वस्तु पर कुल व्यय की मात्रा

**Options:**

A. घटेगी ।

B. बढ़ेगी ।

C. स्थिर रहेगी ।

D. शून्य होगी ।

Answer: घटेगी ।

**67.**

Question: एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म का अल्पकालीन पूर्ति वक्र

**Options:**

A. हमेशा ऊपर की ओर उठता हुआ होता है ।

B. हमेशा नीचे की ओर गिरता हुआ होता है ।

C. x-अक्ष के समान्तर क्षैतिज रेखा के रूप में होता है ।

RajTest

D. लम्बवत् रेखा के रूप में होता है ।

Answer: हमेशा ऊपर की ओर उठता हुआ होता है ।

**68.**

Question: एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म के अल्पकालीन साम्य की द्वितीय क्रम की शर्तें हैं

**Options:**

A. MR = MC

B. MR का ढाल > MC के ढाल

C. MC का ढाल > MR के ढाल से

D. MC वक्र नीचे की ओर गिरता हुआ होना चाहिए ।

Answer: MC का ढाल > MR के ढाल से

**69.**

Question: एकाधिकार की स्थिति में यदि MR < 0 है तो

**Options:**

A. माँग लोच एक (इकाई) से कम होगी ।

B. माँग लोच एक (इकाई) से अधिक होगी ।

C. माँग लोच इकाई के बराबर होगी ।

D. माँग लोच शून्य होगी ।

Answer: माँग लोच एक (इकाई) से कम होगी ।

**70.**

Question: चक्रीय परीक्षण किस परीक्षण का विस्तार है ?

**Options:**

A. इकाई परीक्षण

B. समय उत्क्राम्यता

C. तत्त्व उत्क्राम्यता परीक्षण

D. समय और तत्त्व उत्क्राम्यता परीक्षण दोनों

Answer: समय उत्क्राम्यता

**71.**

Question: कीमत में वृद्धि होने के फलस्वरूप, यदि कुल आगम में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो यह दर्शाता है कि माँग की लोच होगी

**Options:**

A. पूर्णतया बेलोचदार

B. पूर्णतया लोचदार

C. इकाई

D. बेलोचदार

Answer: इकाई

**72.**

Question: 50 छात्रों के औसत प्राप्तांक 20 थे। बाद में यह पता लगा कि एक विद्यार्थी के अंक 37 के स्थान पर गलती से 7 पढ़े गये । सही औसत प्राप्तांक है

**Options:**

A. 30

B. 40.6

C. 20.6

D. 1030

Answer: 20.6

**73.**

Question: निम्न में से कौन सा वित्तीय क्षेत्र सुधारों का भाग नहीं है ?

**Options:**

A. रुपये की परिवर्तनशीलता

B. SLR की सीमा को समाप्त करना

C. बैंकिंग क्षेत्र में सुधार

D. जी.एस.टी. का क्रियान्वयन

Answer: जी.एस.टी. का क्रियान्वयन

**74.**

Question: पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का जोर किस पर था ?

**Options:**

A. गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता

B. समावेगी वृद्धि

C. जलवायु परिवर्तन

D. तीव्रतर आर्थिक वृद्धि

Answer: गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता

**75.**

Question: भारतीय आर्थिक नियोजन में किस अवधि को 'योजना अवकाश' के रूप में जाना जाता है ?

**Options:**

A. 1965-68

B. 1966-69

C. 1975-80

D. 1980-85

Answer: 1966-69

**76.**

Question: अर्थव्यवस्था में मन्दी को दूर करने के लिए कौन सी राजकोषीय नीति, उपाय आप सुझायेंगे ?

RajTest

**Options:**

A. करों में कटौती

B. करों में वृद्धि

C. सार्वजनिक व्यय में वृद्धि

D. करों में कटौती व सार्वजनिक व्यय में वृद्धि दोनों

Answer: करों में कटौती व सार्वजनिक व्यय में वृद्धि दोनों

**77.**

Question: यदि PLA/PKA < PLB/PKB जहाँ PLA देश A में श्रम की कीमत है तथा PLB देश B में श्रम की कीमत है तथा PKA देश A में पूँजी की कीमत है और PKB देश B में पूँजी की कीमत है।

**Options:**

A. देश A श्रम बहुल है ।

B. देश A पूँजी बहुल है ।

C. देश B श्रम बहुल है ।

D. देश A पूँजी बहुल और देश B श्रम बहुल है।

Answer: देश A श्रम बहुल है ।

**78.**

Question: निम्न में से कौन सा, 17 सतत विकास, लक्ष्य (SDGs) का भाग नहीं है ?

**Options:**

A. गरीबी उन्मूलन ।

B. असमानता को कम करना ।

C. लैंगिक समानता को बढ़ावा देना ।

D. GDP वृद्धि दर को 10% तक बढ़ाना ।

Answer: GDP वृद्धि दर को 10% तक बढ़ाना ।

**79.**

Question: नीति आयोग की संरचना के बारे में कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. भारत के प्रधानमंत्री इसके चैयरमेन हैं ।

B. गवर्निंग काउंसिल में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री होते हैं ।

C. गवर्निंग काउंसिल में UTs के उप-राज्यपाल शामिल होते हैं ।

D. भारत का वित्त मंत्री, इसका उप-चैयरमेन होता है।

Answer: भारत का वित्त मंत्री, इसका उप-चैयरमेन होता है।

**80.**

Question: एकाधिकार की स्थिति में सही है

**Options:**

A. MR = AVC

B. MR = AR

C. MR = AC

D. AR > MR

Answer: AR > MR

**81.**

Question: जीवन चक्र परिकल्पना के अनुसार

**Options:**

A. अल्पकाल में उपभोग-आय में सम्बन्ध गैर-आनुपातिक है ।

B. दीर्घकाल में उपभोग-आय में सम्बन्ध गैर-आनुपातिक है ।

C. अल्पकाल में उपभोग-आय में सम्बन्ध आनुपातिक है ।

D. दीर्घकाल तथा अल्पकाल दोनों में उपभोग आय सम्बन्ध गैर-आनुपातिक है ।

Answer: अल्पकाल में उपभोग-आय में सम्बन्ध गैर-आनुपातिक है ।

**82.**

Question: यदि आप लोच (eM = 1) 1 है तथा प्रतिस्थापन लोच भी (eS = 1) 1 है तो कीमत लोच (eP) का मान होगा

**Options:**

A. शून्य

B. ∞

C. 1

D. 2

Answer: 1

**83.**

Question: किस पंचवर्षीय योजना ने समावेशी विकास पर बल दिया ?

**Options:**

A. द्वितीय

B. तृतीय

C. दसवीं

D. ग्यारहवीं

Answer: ग्यारहवीं

**84.**

Question: उपभोक्ता सन्तुलन की प्रथम क्रम की शर्तें हैं

**Options:**

A. MRSxy = Px/Py

RajTest

B. MRSxy > Px/Py

C. MRSxy < Px/Py

D. MRSxy = MUx/MUy

Answer: MRSxy = Px/Py

**85.**

Question: गरीबी रेखा

**Options:**

A. निरपेक्ष गरीबी का माप है।

B. सापेक्ष गरीबी का माप है।

C. लैंगिक असमानता का माप है।

D. आर्थिक वृद्धि का माप है।

Answer: निरपेक्ष गरीबी का माप है।

**86.**

Question: पैमाने के प्रतिफल

**Options:**

A. दीर्घकाल अवधारणा है।

B. अल्पकाल अवधारणा है।

C. का अर्थ है स्थिर साधनों में समान अनुपात में एक साथ वृद्धि।

D. का अर्थ है परिवर्तनशील साधनों में वृद्धि।

Answer: दीर्घकाल अवधारणा है।

**87.**

Question: एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म के दीर्घकाल में सन्तुलन की शर्त है

**Options:**

A. MR = SMC

B. MR = LMC

C. MR = MC = P = LAC

D. SAC = LAC

Answer: MR = MC = P = LAC

**88.**

Question: निम्नलिखित में किसको राष्ट्रीय आय की गणना में शामिल नहीं किया जाता है ?

**Options:**

A. लाभांश

B. किराया

C. पूँजीगत लाभ

D. शेयर्स की बिक्री पर कमीशन

Answer: पूँजीगत लाभ

**89.**

Question: हिन्दू वृद्धि दर

**Options:**

A. जनसंख्या से संबंधित है।

B. शिशु मृत्यु दर से संबंधित है।

C. बीमारू (BIMARU) राज्यों की वृद्धि से संबंधित है।

D. प्रति व्यक्ति आय से संबंधित है।

Answer: प्रति व्यक्ति आय से संबंधित है।

**90.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा कारक शिक्षण की प्रभावशीलता से संबंधित नहीं है ?

**Options:**

A. शिक्षक का मानसिक स्वास्थ्य

B. शिक्षण विधियाँ

C. शिक्षक का विषयवस्तु ज्ञान

D. शिक्षक का शारीरिक रूप

Answer: शिक्षक का शारीरिक रूप

**91.**

Question: किशोरों में सामाजिक कौशलों का विकास करने हेतु किस तरीके को आप सर्वाधिक उपयुक्त मानेंगे ?

**Options:**

A. सामाजिक गुणों पर व्याख्यान

B. सामूहिक गतिविधियों का आयोजन

C. सामाजिक कौशलों पर निबंध लेखन

D. सामाजीकरण पर फिल्म दिखाना

Answer: सामूहिक गतिविधियों का आयोजन

**92.**

Question: एडगर डेल के 'अनुभव शंकु' के अनुसार, किशोर विद्यार्थी सामाजिक सर्वेक्षण के द्वारा किस प्रकार के अनुभव प्राप्त करेंगे ?

**Options:**

A. वास्तविक प्रत्यक्ष अनुभव

B. नाटकीय अनुभव

C. दृश्यात्मक अनुभव

D. वाचिक अनुभव

Answer: वास्तविक प्रत्यक्ष अनुभव

**93.**

RajTest

Question: किशोरों को स्वयं सीखने और समस्या को स्वयं हल करने की दिशा में कौन सा शिक्षण स्तर प्रभावी होगा ?

**Options:**

A. आधारभूत स्तर

B. स्मृति स्तर

C. बोध स्तर

D. चिंतन स्तर

Answer: चिंतन स्तर

**94.**

Question: किशोरावस्था में सृजनात्मकता के विकास हेतु कौन सी संज्ञानात्मक योग्यता अपेक्षित है ?

**Options:**

A. अपसारी चिंतन

B. मूर्त चिंतन

C. सामान्य चिंतन

D. अभिसारी चिंतन

Answer: अपसारी चिंतन

**95.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी किशोरावस्था में सामाजिक विकास की एक सामान्य विशेषता नहीं है ?

**Options:**

A. साथी समूह का प्रभाव

B. नया सामाजिक समूहन

C. पहचान की खोज

D. अभिभावकों के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंध

Answer: अभिभावकों के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंध

**96.**

Question: इनमें से कौन सा कारक सीखने को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है ?

**Options:**

A. परिपक्वता की कमी

B. सूचनात्मक पुनर्बलन

C. विषयवस्तु की सार्थकता

D. शिक्षक की उपयुक्त संप्रेषण योग्यता

Answer: परिपक्वता की कमी

**97.**

Question: सूचना प्राप्त करने हेतु प्रयुक्त किए जाने वाले संप्रेषण कौशलों का सही युग्म चुनें :

**Options:**

A. बोलना और पढ़ना

B. पढ़ना और सुनना

C. बोलना और लिखना

D. सुनना और लिखना

Answer: पढ़ना और सुनना

**98.**

Question: कौन सी किशोरावस्था की एक सामान्य विशेषता नहीं है ?

**Options:**

A. यह एक परिवर्ती अवस्था होती है ।

B. यह पहचान की खोज का समय होता है ।

C. यह वास्तविकताओं का समय होता है ।

D. यह वयस्कावस्था की दहलीज होती है ।

Answer: यह वास्तविकताओं का समय होता है ।

**99.**

Question: 'क्रोध' का संवेग किशोरों की किस मूल प्रवृत्ति से जुड़ा है ?

**Options:**

A. पलायन

B. निवृत्ति

C. युयुत्सा

D. शरणागत

Answer: युयुत्सा

**100.**

Question: शिक्षण प्रतिमान में 'संरचना' संदर्भित है

**Options:**

A. शिक्षण के उद्देश्यों से

B. विद्यार्थी एवं शिक्षक की अंतःक्रिया से

C. प्रतिमान के कार्यों के विवरण से

D. शिक्षण हेतु अतिरिक्त आवश्यकताओं से

Answer: प्रतिमान के कार्यों के विवरण से

**101.**

Question: पियाजे के नैतिक विकास के सिद्धांतानुसार, किशोरावस्था है

**Options:**

A. नैतिक वास्तविकता की अवस्था

B. दबाव की नैतिकता की अवस्था

C. परायत्त नैतिकता की अवस्था

RajTest

D. स्वायत्त नैतिकता की अवस्था

Answer: स्वायत्त नैतिकता की अवस्था

**102.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्षेपित शिक्षण सामग्री नहीं है ?

**Options:**

A. डायरोमा

B. एपिडायस्कोप

C. ओ.एच.पी.

D. जादुई लालटेन

Answer: डायरोमा

**103.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता मानसिक रूप से स्वस्थ किशोर की नहीं है ?

**Options:**

A. सुरक्षा की भावना

B. अति संवेदनशीलता

C. वास्तविक प्रत्यक्षीकरण

D. संतुलित जीवन

Answer: अति संवेदनशीलता

**104.**

Question: सामाजिक विकास के सिद्धांत में, किसने 'भूमिका संभ्रांति' शब्द का प्रयोग किशोरावस्था के संदर्भ में किया है ?

**Options:**

A. एरिक्सन

B. फ्रायड

C. बन्डूरा

D. हॉल

Answer: एरिक्सन

**105.**

Question: ब्रूनर के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार कौन सी विचार करने की विधि किशोरावस्था से संबंधित है ?

**Options:**

A. सक्रियता विधि

B. दृश्य प्रतिमा विधि

C. दृश्य विधि

D. सांकेतिक विधि

Answer: सांकेतिक विधि

**106.**

Question: पूर्व किशोरावस्था में संवेग होते हैं

**Options:**

A. अयुक्तिसंगत एवं नियंत्रित

B. नियंत्रित एवं तीव्र

C. युक्तिसंगत एवं तीव्र

D. अनियंत्रित एवं अयुक्तिसंगत

Answer: अनियंत्रित एवं अयुक्तिसंगत

**107.**

Question: किशोरों के शारीरिक विकास के बारे में कौन सा कथन असत्य है ?

**Options:**

A. किशोरावस्था के प्रथम तीन वर्षों को तीव्र वृद्धि और विकास के रूप में चिह्नित किया जाता है।

B. प्रारंभिक किशोरावस्था में लड़कियाँ, लड़कों की तुलना में तेज़ी से बढ़ती हैं ।

C. किशोरावस्था प्रजनन परिपक्वता तक पहुँचती है ।

D. लड़कों में स्वरयंत्र बाहर से शायद ही दिखाई देता है, किन्तु लड़कियों में यह देखा जा सकता है ।

Answer: लड़कों में स्वरयंत्र बाहर से शायद ही दिखाई देता है, किन्तु लड़कियों में यह देखा जा सकता है ।

**108.**

Question: कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार, उत्तर रूढ़िगत नैतिकता के अंतर्गत आने वाली नैतिक अवस्थाओं का सही कूट चुनें :
A. सामाजिक अनुबंध उन्मुखता
B. दण्ड एवं आज्ञाकारिता उन्मुखता
C. साधनात्मक सापेक्षवादी उन्मुखता
D. सार्वत्रिक नीतिपरक सिद्धांत उन्मुखता
कूट :

**Options:**

A. A एवं B

B. B एवं C

C. C एवं D

D. D एवं A

Answer: D एवं A

**109.**

Question: "संवेगात्मक बुद्धि को चार क्षेत्रों में संवेगों के साथ तर्क करने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जा सकता है - संवेग को अनुभव करना, इसे विचार में एकीकृत करना, इसे समझना एवं इसे प्रबंधित करना ।" संवेगात्मक बुद्धि की यह परिभाषा किसने दी ?

**Options:**

A. मेयर एवं सालोवे

B. डेनियल गोलमैन

C. विलियम मैक्डूगल

D. चार्ल्स मौरिस

Answer: मेयर एवं सालोवे

**110.**

Question: इनमें से कौन सा रचनावादी शिक्षण का सिद्धांत नहीं है ?

**Options:**

A. नवीन अधिगम शिक्षार्थी के पूर्व ज्ञान पर आधारित

B. सामाजिक अंतःक्रिया की सुविधा

C. निष्क्रिय शिक्षण को प्रोत्साहन

D. शिक्षार्थी द्वारा सक्रिय रूप से ज्ञान का निर्माण एवं व्याख्या

Answer: निष्क्रिय शिक्षण को प्रोत्साहन

**111.**

Question: भारत में 2019-20 के दौरान सबसे अधिक FDI समता प्रवाह किस क्षेत्र में था ?

**Options:**

A. कम्प्यूटर सॉफ्टवेअर तथा हार्डवेअर

B. सेवा क्षेत्र

C. दूर-संचार क्षेत्र

D. व्यापार क्षेत्र

Answer: सेवा क्षेत्र

**112.**

Question: तेंदुलकर की अध्यक्षता में नियुक्त विशेषज्ञ दल की रिपार्ट (2009) के अनुसार भारत में 2011-12 में गरीबी का अनुमान है

**Options:**

A. 21.9%

B. 37.2%

C. 25.7%

D. 13.7%

Answer: 21.9%

**113.**

Question: एकल घटकीय व्यापार भर्ती का प्रतिपादन किसने किया ?

**Options:**

A. जैकब वाइनर

B. जी.एस. डौरेन्स

C. डेविड रिकार्डो

D. मार्शल

Answer: जैकब वाइनर

**114.**

Question: अवसर लागत सिद्धांत के अनुसार दो देशों के बीच कोई व्यापार नहीं होगा

**Options:**

A. यदि दोनों देशों के उत्पादन सम्भावना वक्र एक दूसरे के समान्तर हैं।

B. यदि देश A के उत्पादन सम्भावना वक्र का ढाल, देश B के ढाल से अधिक है।

C. यदि देशों के उत्पादन सम्भावना वक्र मूल बिन्दु की ओर अवतल (नतोदर) है।

D. यदि एक देश का उत्पादन सम्भावना वक्र मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर है ।

Answer: यदि दोनों देशों के उत्पादन सम्भावना वक्र एक दूसरे के समान्तर हैं।

**115.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा जी.एस.टी. में जुलाई 2017 में शामिल नहीं किया गया है ?

**Options:**

A. केन्द्रीय उत्पाद कर

B. मूल्य संवर्धित कर (VAT)

C. सेवा कर

D. स्टाम्प शुल्क

Answer: स्टाम्प शुल्क

**116.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. जी.एस.टी. वस्तु तथा सेवा कर दोनों को समाहित करता है ।

B. जी.एस.टी. केवल एक राज्य के अन्दर होने वाले लेन-देन पर ही लगाया जाता है।

C. जी.एस.टी. ने भारत में VAT तथा अन्य करों को प्रतिस्थापित किया है।

D. जी.एस.टी. एक अप्रत्यक्ष कर है।

Answer: जी.एस.टी. केवल एक राज्य के अन्दर होने वाले लेन-देन पर ही लगाया जाता है।

**117.**

RajTest

Question: यदि MPC = 1 तो गुणक का मान होगा

**Options:**

A. 0

B. 1

C. अनन्त

D. 2

Answer: अनन्त

**118.**

Question: टोबिन के मुद्रा माँग के पोर्टफोलियो दृष्टिकोण के अनुसार

**Options:**

A. व्यक्ति जोखिम-रहित तथा जोखिम-पूर्ण परिसम्पत्तियों का एक सन्तुलित संयोग रखकर अपने पोर्टफोलियों में विविधता लाते हैं ।

B. व्यक्ति अपनी समस्त सम्पत्ति को मुद्रा के रूप में रखते हैं ।

C. व्यक्ति अपनी समस्त सम्पत्ति को ऋणपत्रों (बॉण्ड्स) के रूप में रखते हैं ।

D. व्यक्ति अपनी समस्त सम्पत्ति को या तो मुद्रा के रूप में या ऋण-पत्रों के रूप में रखते हैं ।

Answer: व्यक्ति जोखिम-रहित तथा जोखिम-पूर्ण परिसम्पत्तियों का एक सन्तुलित संयोग रखकर अपने पोर्टफोलियों में विविधता लाते हैं ।

**119.**

Question: तरलता जाल में मुद्रा की माँग हो जाती है

**Options:**

A. शून्य

B. अनन्त

C. ऋणात्मक

D. तरलता जाल का मुद्रा की माँग से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

Answer: अनन्त

**120.**

Question: त्वरक सिद्धान्त के अनुसार, यदि राष्ट्रीय आय बढ़ रही है तो शुद्ध निवेश होगा

**Options:**

A. धनात्मक

B. ऋणात्मक

C. शून्य

D. आधा हो जायेगा ।

Answer: धनात्मक

**121.**

Question: क्रय-विक्रय के उद्देश्य से मुद्रा की माँग से संबंधित बॉमोल का भण्डार दृष्टिकोण मानता है कि

**Options:**

A. मुद्रा की माँग ब्याज दर का फलन नहीं है ।

B. मुद्रा की माँग केवल ब्याज दर का फलन है।

C. मुद्रा की माँग केवल आय का फलन है ।

D. मुद्रा की माँग ब्याज दर तथा आय स्तर दोनों का फलन है।

Answer: मुद्रा की माँग ब्याज दर तथा आय स्तर दोनों का फलन है।

**122.**

Question: फिशर का विनिमय समीकरण

**Options:**

A. कीमत स्तर और मुद्रा की मात्रा के बीच प्रत्यक्ष लेकिन गैर आनुपातिक सम्बन्ध को दर्शाता है ।

B. कीमत स्तर और मुद्रा की मात्रा के बीच अप्रत्यक्ष लेकिन गैर-आनुपातिक सम्बन्ध को दर्शाता है।

C. कीमत स्तर और मुद्रा के मध्य प्रत्यक्ष तथा आनुपातिक सम्बन्ध दर्शाता है ।

D. मुद्रा के मूल्य और मुद्रा की मात्रा के मध्य प्रत्यक्ष तथा आनुपातिक सम्बन्ध को दर्शाता है ।

Answer: कीमत स्तर और मुद्रा के मध्य प्रत्यक्ष तथा आनुपातिक सम्बन्ध दर्शाता है ।

**123.**

Question: किसने कहा, "मुद्रा स्फीति सदा और सभी अर्थव्यवस्थाओं में एक मौद्रिक घटना है" ?

**Options:**

A. मिल्टन फ्रीडमैन

B. मार्शल

C. कीन्स

D. पीगू

Answer: मिल्टन फ्रीडमैन

**124.**

Question: फिलिप्स वक्र के बारे में सही है

**Options:**

A. दीर्घकालीन फिलिप्स वक्र बेरोजगारी दर तथा मुद्रा स्फीति की दर के मध्य चुनाव की समस्या (trade-off) को दर्शाता है ।

B. दीर्घकालीन फिलिप्स वक्र बेरोजगारी दर तथा मुद्रा-स्फीति की दर के मध्य ऋणात्मक सम्बन्ध को दर्शाता है ।

C. अल्पकालीन फिलिप्स वक्र लम्बवत् सीधी रेखा होता है ।

RajTest

D. दीर्घकालीन फिलिप्स् वक्र बायीं ओर से दायीं ओर नीचे की ओर गिरता हुआ होता है।

Answer: दीर्घकालीन फिलिप्स वक्र बेरोजगारी दर तथा मुद्रा-स्फीति की दर के मध्य ऋणात्मक सम्बन्ध को दर्शाता है ।

**125.**

Question: निम्न में से कौन सा साख नियंत्रण की गुणात्मक या चयनात्मक विधि है ?

**Options:**

A. बैंक दर

B. खुले बाजार की क्रियाएँ

C. SLR

D. विशेष प्रकार की प्रतिभूतियों के विरुद्ध ऋण प्रदान के लिए न्यूनतम मार्जिन (सीमा) तय करना ।

Answer: विशेष प्रकार की प्रतिभूतियों के विरुद्ध ऋण प्रदान के लिए न्यूनतम मार्जिन (सीमा) तय करना ।

**126.**

Question: निम्नलिखित में से कौन वाणिज्यिक बैंक की साख सृजन क्षमता को नियंत्रित नहीं करता है ?

**Options:**

A. बैंक दर

B. CRR

C. SLR

D. हीनार्थ प्रबन्ध

Answer: हीनार्थ प्रबन्ध

**127.**

Question: गरीबी पर आधिकारिक आँकड़े किसके द्वारा एकत्रित किये जाते रहे हैं ?

**Options:**

A. नीति आयोग

B. वित्त मंत्रालय

C. CSO

D. NSSO

Answer: NSSO

**128.**

Question: निम्नलिखित में से किसे संधारणीय विकास लक्ष्यों की निगरानी करने का दायित्व सौंपा गया है ?

**Options:**

A. RBI

B. CSO

C. नीति आयोग

D. पर्यावरण विभाग

Answer: नीति आयोग

**129.**

Question: निम्न में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्र/मुक्त व्यापार के पक्ष में तर्क नहीं है ?

**Options:**

A. अधिकतम विश्व उत्पादन

B. बाज़ार का विस्तार

C. संसाधनों का इष्टतम प्रयोग

D. शिशु उद्योगों को संरक्षण

Answer: शिशु उद्योगों को संरक्षण

**130.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी मान्यता डेविड रिकार्डो के तुलनात्मक लागत सिद्धान्त में नहीं ली गई है ?

**Options:**

A. पैमाने के स्थिर प्रतिफल

B. वस्तु बाजार में पूर्ण प्रतियोगिता

C. देश के भीतर काम की पूर्ण गतिशीलता

D. साधन बाजार में अपूर्ण प्रतियोगिता

Answer: साधन बाजार में अपूर्ण प्रतियोगिता

**131.**

Question: कौन सा सही है ?

**Options:**

A. पूँजी स्टॉक तथा विनियोग प्रवाह चर हैं।

B. पूँजी प्रवाह तथा विनियोग स्टॉक चर हैं ।

C. पूँजी तथा विनियोग दोनों स्टॉक चर हैं ।

D. पूँजी तथा विनियोग दोनों प्रवाह चर हैं ।

Answer: पूँजी स्टॉक तथा विनियोग प्रवाह चर हैं।

**132.**

Question: कीन्स की निरपेक्ष उपभोग परिकल्पना में

**Options:**

A. MPC स्थिर रहती है।

B. MPC गिरती हुई होती है ।

C. MPC बढ़ती हुई होती है ।

D. MPC शून्य होती है ।

Answer: MPC स्थिर रहती है।

**133.**

RajTest

Question: सापेक्ष उपभोग परिकल्पना के अनुसार

**Options:**

A. उपभोग पथ उत्क्रमणीय है ।

B. उपभोग पथ गैर-उत्क्रमणीय है ।

C. उपभोग फलन आय का फलन नहीं है ।

D. अल्पकालीन उपभोग फलन आनुपातिक होता है ।

Answer: उपभोग पथ गैर-उत्क्रमणीय है ।

**134.**

Question: उपभोग का जीवन चक्र सिद्धान्त के अनुसार, उपभोग फलन है

**Options:**

A. चालू आय का

B. सापेक्ष आय का

C. सम्पूर्ण जीवन अवधि में प्रत्याशित आय का

D. स्थायी आय का

Answer: सम्पूर्ण जीवन अवधि में प्रत्याशित आय का

**135.**

Question: एक एकाधिकारात्मक प्रतियोगी फर्म, अल्पकाल के अन्तर्गत साम्य की स्थिति में

**Options:**

A. सामान्य लाभ प्राप्त करेगी ।

B. असामान्य लाभ प्राप्त करेगी ।

C. हानि होगी ।

D. इनमें से कुछ भी हो सकता है ।

Answer: इनमें से कुछ भी हो सकता है ।

**136.**

Question: एकाधिकारिक प्रतियोगिता में

**Options:**

A. पूर्ति वक्र का अस्तित्व नहीं होता है ।

B. फर्म दीर्घकाल में असामान्य लाभ अर्जित करती है।

C. उत्पाद समरूप होते हैं ।

D. वस्तुएँ एक-दूसरे की प्रतिस्थापक नहीं होती हैं।

Answer: पूर्ति वक्र का अस्तित्व नहीं होता है ।

**137.**

Question: पशु गणना 2019 के अनुसार राजस्थान में पशुधन संख्या है

**Options:**

A. 567.7 लाख

B. 575 लाख

C. 565.8 लाख

D. 590.45 लाख

Answer: 567.7 लाख

**138.**

Question: राजस्थान में वर्ष 2019 के दौरान कितने पर्यटकों ने भ्रमण किया ?

**Options:**

A. 538 लाख

B. 540 लाख

C. 550 लाख

D. 510 लाख

Answer: 538 लाख

**139.**

Question: 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के शहरी क्षेत्र का लिंगानुपात है :

**Options:**

A. 928

B. 914

C. 933

D. 930

Answer: 914

**140.**

Question: बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य नहीं है

**Options:**

A. जेण्डर आधारित चयन को रोकना ।

B. बालिका का अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना ।

C. बालिका की शिक्षा और भागीदारी सुनिश्चित करना ।

D. लड़की की 21 वर्ष की उम्र के बाद शादी पर वित्तीय सहायता ।

Answer: लड़की की 21 वर्ष की उम्र के बाद शादी पर वित्तीय सहायता ।

**141.**

Question: मुख्यमंत्री वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन के लिए महिलाओं की न्यूनतम आयु है

**Options:**

A. 55 वर्ष

B. 58 वर्ष

RajTest

C. 60 वर्ष

D. 62 वर्ष

Answer: 55 वर्ष

**142.**

Question: अग्रिम अनुमानों के अनुसार सांकेतिक कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2019-20 में सम्भावित है

**Options:**

A. 10.21 लाख करोड़

B. 11 लाख करोड़

C. 11.45 लाख करोड़

D. 11.50 लाख करोड़

Answer: 10.21 लाख करोड़

**143.**

Question: राजस्थान में कृषि गणना 2015-16 के अनुसार कुल महिला प्रचालित भूमि जोतों की संख्या है

**Options:**

A. 5.46 लाख

B. 7.75 लाख

C. 76.55 लाख

D. 68.88 लाख

Answer: 7.75 लाख

**144.**

Question: जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग पर एक पायलट प्रोजेक्ट राजस्थान के किन जिलों में क्रियान्वित किया जा रहा है ?

**Options:**

A. टोंक, बाँसवाड़ा एवं सिरोही

B. टोंक, भरतपुर एवं सिरोही

C. टोंक, अलवर एवं जयपुर

D. कोटा, बाँसवाड़ा एवं भरतपुर

Answer: टोंक, बाँसवाड़ा एवं सिरोही

**145.**

Question: एम.एस.एम.ई. अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत नवीन स्थापित इकाइयों को अनुमोदन एवं निरीक्षण से कितनी अवधि के लिए छूट दी गई है ?

**Options:**

A. 5 वर्ष

B. 10 वर्ष

C. 3 वर्ष

D. 4 वर्ष

Answer: 3 वर्ष

**146.**

Question: राजस्थान वित्त निगम (RFC), नवीन उद्योगों की स्थापना, विद्यमान उद्योगों के विस्तारीकरण एवं नवीनीकरण हेतु कितने तक वित्तीय सहायता उपलब्ध करा सकता है ?

**Options:**

A. 50 करोड़

B. 25 करोड़

C. 20 करोड़

D. 100 करोड़

Answer: 20 करोड़

**147.**

Question: पेरेटो अनुकूलतम किस मान्यता पर आधारित नहीं है ?

**Options:**

A. क्रमवाचक उपयोगिता फलन

B. सभी वस्तुएँ पूर्णतया विभाज्य हैं ।

C. उत्पादन के साधन पूर्णतया गतिशील नहीं हैं।

D. प्रत्येक व्यक्ति या उपभोक्ता अपनी उपयोगिता को अधिकतम करना चाहता है।

Answer: उत्पादन के साधन पूर्णतया गतिशील नहीं हैं।

**148.**

Question: आर्थिक वृद्धि का सोलो मॉडल नहीं मानता है

**Options:**

A. पैमाने के स्थिर प्रतिफल

B. कीमत तथा मजदूरी में लोचशीलता

C. पूर्ण रोजगार

D. काम तथा पूँजी के मध्य कोई प्रतिस्थापन नहीं

Answer: काम तथा पूँजी के मध्य कोई प्रतिस्थापन नहीं

**149.**

Question: यदि IS वक्र लम्बवत है तो

**Options:**

A. राजकोषीय नीति पूर्णतया प्रभावशील है ।

B. राजकोषीय नीति पूर्णतया अप्रभावी है ।

C. मौद्रिक नीति पूर्णतया प्रभावशील है ।

D. राजकोषीय नीति पूर्णतया अप्रभावी है तथा मौद्रिक नीति पूर्णतया प्रभावशील है ।

Answer: राजकोषीय नीति पूर्णतया प्रभावशील है ।

RajTest

**150.**

Question: पूर्ण पूँजी गतिशीलता की स्थिति में स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अन्तर्गत

**Options:**

A. मौद्रिक नीति पूर्णतया प्रभावशाली है ।

B. मौद्रिक नीति पूर्णतया प्रभावहीन है ।

C. राजकोषीय नीति पूर्णतया प्रभावहीन है ।

D. मौद्रिक तथा राजकोषीय दोनों नीति प्रभावशील हैं।

Answer: मौद्रिक नीति पूर्णतया प्रभावहीन है ।

RajTest